卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 139 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦24 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## खनन कारोबारी ने खुद को गोली से उड़ाया

### पारिवारिक विवाद के बाद आवेश में आकर उठाया खौफनाक कदम



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के चोरगलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गजेपुर गांव में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक प्रतिष्ठित खनन कारोबारी ने पारिवारिक कलह के चलते अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। गजेपुर निवासी कमलेश बेलवाल ने सोमवार देर रात अपने ही घर में लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। इस आत्मघाती कदम से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन घाव इतना गहरा था कि उपचार मिलने से पूर्व ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना की पृष्ठभूमि में घरेलू कलह बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि देर रात घर में किसी बात को लेकर सदस्यों के बीच नोकझोंक हुई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कमलेश बेलवाल मानसिक रूप से काफी विचलित हो गए। आवेश में आकर उन्होंने कमरे में रखी अपनी लाइसेंसी पिस्टल उठाई और खुद पर फायर झोंक दिया। गोली की आवाज सुनते ही घर में चीख-पुकार मच गई और परिजन भागकर कमरे की ओर पहुंचे, जहां कमलेश लहूलुहान अवस्था में जमीन पर पड़े मिले। सूचना मिलते ही चोरगलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि कमलेश ने सिर के दाहिनी ओर से गोली मारी, जो बाईं ओर से आर-पार निकल गई। गोली लगने से दिमाग के महत्वपूर्ण हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। कमलेश परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके अचानक चले जाने से परिवार पर आर्थिक संकट के बादल मंडरा गए हैं। उनकी 3 साल की मासूम बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया है। घटना के बाद से पत्नी और बुजुर्ग परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीओ हल्द्वानी अमित सैनी ने मौके का दोबारा निरीक्षण किया। पुलिस ने घटना में (शेष पृष्ठ सात पर)

## टैंकर से कुचलकर बाइक सवार की दर्दनाक मौत

हरिद्वार (उद संवाददाता)। बहादराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत बढ़ेड़ी राजपूतान गांव के समीप मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार पानी के टैंकर ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह टैंकर के टायर के नीचे आ गया। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार, 22 वर्षीय हिमांशु निवासी सीतापुर बलुवा बाजार, जिला सुपौल (बिहार), मंगलवार सुबह अपनी बाइक से रुड़की से हरिद्वार की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बढ़ेड़ी राजपूतान गांव के पास पुलिया पर पहुंचा, पीछे से आ रहे अनियंत्रित पानी के टैंकर ने उसे रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि हिमांशु की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद आरोपी टैंकर चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही बहादराबाद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुड़की की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को बिहार में सूचना दे दी गई है। परिजनों के हरिद्वार पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और तहरीर के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तीन दुकानों में भीषण आग,गैस सिलेंडर फटा

हरिद्वार (उद संवाददाता)। शहर के विष्णु घाट के समीप देर रात तीन दुकानों में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले इलाके



में लगी इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय बाजार बंद होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। घटनाक्रम के अनुसार, रात करीब एक बजे नगर कोतवाली क्षेत्र के विष्णु घाट चौक पर स्थित खानपान की दुकानों से धुआं निकलता दिखाई दिया। आग की लपटें इतनी तेज (शेष पृष्ठ सात पर)

## हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

### दहशत के बीच कक्षाएं स्थगित,प्राचार्य की ईमेल आईडी पर आया धमकी भरा संदेश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि के प्रतिष्ठित राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी को बम से उड़ाने की एक सनसनीखेज धमकी मिलने के बाद पूरे कॉलेज प्रशासन और छात्र-छात्राओं में हड़कंप मच गया। यह धमकी भरा संदेश कॉलेज के प्राचार्य की आधिकारिक ईमेल आईडी पर प्राप्त हुआ, जिसके बाद एहतियातन कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और सभी शैक्षणिक गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, प्राचार्य कार्यालय को जैसे ही इस संदिग्ध और धमकी भरे ईमेल की



जानकारी हुई, उन्होंने बिना देरी किए स्थानीय पुलिस प्रशासन और उच्चाधिकारियों को इससे अवगत कराया। ईमेल की गंभीरता को देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने एमबीबीएस से लेकर एमडी और एमएस तक की सभी नियमित कक्षाएं अगले आदेश तक स्थगित कर दी हैं। विद्यार्थियों को सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में अनावश्यक रूप से न घूमने और अपने हॉस्टलों या घरों में सुरक्षित रहने की सलाह दी गई है। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में भी खलबली मच गई। आनन-फानन में पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता और सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त टीमें मेडिकल कॉलेज परिसर पहुंचीं। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे कॉलेज परिसर, हॉस्टलों, लाइब्रेरी और प्रशासनिक भवनों में सघन जांच और सर्च अभियान शुरू कर दिया है। डॉग स्क्वायड की मदद से चप्पे-चप्पे को खंगाला जा रहा है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को टाला (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुस्लिम समाज ने फूंका बेहड़ का पुतला

### दो दिन में माफी न मांगने पर मानहानि और आंदोलन की चेतावनी



किच्छा। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ और दरऊ के प्रधान पति गफ्फार खान के बीच छिड़ी जुबानी जंग अब सड़क पर उतर आई है। विधायक द्वारा गफ्फार खान को 'अपराधिक प्रवृत्ति' का बताने और बहेड़ी (उत्तर प्रदेश) में असलाह सप्लाई मामले में उनका नाम आने के बाद किए गए तीखे प्रहारों से मुस्लिम समाज में भारी आक्रोश है। मंगलवार को गफ्फार खान के नेतृत्व में दरऊ, किच्छा और सिरौली के सैकड़ों लोगों ने विधायक तिलक राज बेहड़ का पुतला दहन कर उनके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गफ्फार खान ने विधायक बेहड़ पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल के दौरान विधायक ने राजनीतिक दबाव बनाकर उन पर कई फर्जी मुकदमे दर्ज कराए थे, जिनमें वे न्यायालय से निर्दोष (शेष पृष्ठ 7 पर)

## हाईवे पर दो ट्रकों में भिड़ंत,चालक गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सोमवार की रात्रि हल्द्वानी मार्ग पर अटरिया मोड़ के पास सीमेंट के कट्टों से भरे ट्राला व खनन सामग्री से भरे ट्रक के मध्य जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में ट्राला वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे काफी कोशिशों के बाद ट्राला से निकालकर उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया। जबकि ट्रक चालक घटना के बाद मौके पर वाहन छोड़ फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके से दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार ट्राला संख्या एचआर 18 एफ 2816 का चालक गत रात्रि सीमेंट के सैकड़ों कट्टे लेकर रूद्रपुर की ओर से अटरिया रोड़ की ओर जा रहा था। ज्योंही उसने ट्राला अटरिया रोड़ की ओर घुमाया तभी अचानक हल्द्वानी की ओर से तेज



गति से खनन सामग्री लेकर आ रहे ट्रक संख्या यूपी 38 टी 3835 के चालक ने ट्राला को जोर से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ट्राला चालक स्टेयरिंग में बुरी तरह फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि हेल्पर को मामूली चोटें आई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस व फायरकर्मी भरी वहां आ गये। सभी ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## विदेश भेजने के नाम पर पांच लाख की ठगी

सितारगंज ।विदेश भेजने के नाम पर युवक से 5 लाख से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। प्रकरण में फ्लाइंग लीडर ओवरसीज सितारगंज के स्वामी और उनके परिजनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जिसकी जांच चल रही है। खटीमा के झनकट निवासी प्रताप कुमार विश्वास पुत्र प्रदीप आरोप लगाया कि मो शमी पुत्र अब्दुल करीम निवासी सरकड़ा के साथ उनका फ्लाइंग लीडर ओवरसीज के तहत विदेश जाने का करार हुआ था। आरोप लगाया कि इस करार में भारत से विदेश भेजने और वहां पर नौकरी दिलाने का वादा 1 जुलाई 2024 से 2 नवंबर 2024 के भीतर तय था। जिसके लिए 16 लाख रुपए में वीजा प्राप्त होना था। आरोपी ने उनसे फाइल चार्ज के लिए एक लाख रुपए एडवांस लिए और 3 महीने के भीतर वीजा नहीं मिलने पर 100000 में से 20% काट कर देने की बात कही। अभी तक उसे 5 लाख से अधिक रुपए आरोपी ने ले लिए। इसके बाद भी उसे वर्क वीजा प्राप्त नहीं हुआ। उसके बाद आरोपी ने दो माह का और समय मांगा जिनकी समय सीमा भी समाप्त हो (शेष पृष्ठ सात पर)

## आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जनपद के अंतर्गत मोहान रेंज के गोदी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से दहशत का सबब बना गुलदार आखिरकार वन विभाग



द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। रानीखेत-रामनगर स्टेट हाईवे से लगे सौराल क्षेत्र में गुलदार की लगातार बढ़ती धमक और संभावित मानव-वन्यजीव संघर्ष को देखते हुए ग्रामीणों में भारी भय व्याप्त था। स्थानीय जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वन विभाग ने न केवल गश्त तेज की थी, बल्कि गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया था, (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्मैक के साथ महिला सहित दो तस्कर दबोचे

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत नानकमत्ता पुलिस ने एक महिला समेत दो तस्करों को भारी मात्रा में स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नशे के सौदागरों पर नकेल कसने के लिए गठित टीम ने सिद्धा नवदिया क्षेत्र में चेकिंग के दौरान इस सफलता को अंजाम दिया। कोतवाली निरीक्षक मंजू पांडे ने मामले का विवरण देते हुए बताया कि बीती रात पुलिस टीम सिद्धा नवदिया के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे एक युवक और महिला को संदिग्ध प्रतीत होने पर रोका गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से करीब 14 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान सोनू सिंह (20 वर्ष) पुत्र बलविंदर सिंह और सुनीता कौर (24 वर्ष) पत्नी सुखविंदर सिंह, दोनों निवासी पुरानगढ़ नौगजा, नानकमत्ता के रूप में बताई। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब (शेष पृष्ठ सात पर)

# हरिद्वार महाकुंभ मेले की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से की भेंट

## सीएम ने नमामि गंगे के अंतर्गत 408.82 करोड़ की परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देने का किया अनुरोध



नई दिल्ली/देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारियों और नमामि गंगे से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुंभ 2027 के सफल, सुव्यवस्थित और पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के तहत 408.82 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को जल्द मंजूरी देने का आग्रह किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनवरी से अप्रैल 2027 तक चलने वाले इस महाआयोजन में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए गंगा की निर्मलता, स्वच्छता और अविरलता बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए 253 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को स्वीकृति देने और जल जीवन मिशन के तहत अतिरिक्त धनराशि जारी करने की मांग भी रखी।इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने इकबालपुर नहर प्रणाली, कनखल और जगजीतपुर नहर की क्षमता विस्तार का अनुरोध करते हुए बताया कि इससे असिंचित भूमि की सिंचाई के लिए 665 क्यूसेक पानी उपलब्ध हो सकेगा। इस परियोजना से हरिद्वार जिले के भगवानपुर और लक्सर क्षेत्र की लगभग 13 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में पेयजल समस्या का भी समाधान होगा। पुष्कर सिंह धामी ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्र के सहयोग से हरिद्वार कुंभ 2027 को दिव्य, भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

# कुंभ मेला 2027 के लिए केंद्र सरकार ने जारी किए 500 करोड़

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जताया आभार

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में होने वाले आगामी कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के लिए भारत सरकार द्वारा 500 करोड़ रुपये की धनराशि जारी किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और सामाजिक समरसता का विश्व विख्यात महापर्व है। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत यह भारी-भरकम धनराशि कुंभ को दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट से आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, यातायात प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े कार्यों को नई गति मिलेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने पूर्व में स्वयं प्रधानमंत्री से कुंभ मेले के सफल आयोजन हेतु आर्थिक सहायता का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। चारधाम परियोजना, ऑल वेदर रोड, रेल और हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार जैसे कार्यों में केंद्र का सहयोग राज्य के लिए बड़ा संबल रहा है।पुष्कर सिंह धामी ने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से कुंभ मेला 2027 एक ऐतिहासिक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। इससे देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार समयबद्धता, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करते हुए इस महापर्व को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।



# पर्यावरण विद डा. पंत उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य आंदोलनकारी परिषद द्वारा नगर निगम सभागार में आयोजित स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की स्मृति में उत्तराखंड गौरव सम्मान कार्यक्रम में पर्यावरण विद डा. आशुतोष पंत को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पहाड़ से हो रहे पलायन पर चिंता जताई। डा. आशुतोष पंत ने कहा कि पलायन को रोकना है तो हिमाचल मॉडल को अपनाकर बागवानी पर फोकस करना जरूरी है। उत्तराखंड के पहाड़ों में सुअर, बंदरों आदि जानवरों का इतना आतंक है कि लोगों ने खेती करना ही छोड़ दिया है। थोड़े बहुत उत्पाद होते भी हैं तो विपणन की अच्छी व्यवस्था ना होने से उनका लाभ भी किसानों को नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा उनका मानना है कि हर गाँव में प्रशिक्षण देकर फल और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगाई जानी चाहिएध् युवा छोटी छोटी इकाइयां लगाकर स्वरोजगार करेंगे तो शहरों की तरफ नहीं भागेंगे। जब तक पहाड़ में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की अच्छी व्यवस्था नहीं होगी पलायन पर भाषण देना बेकार है। पहाड़ से चुनाव लड़कर बने जनप्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख, विधायक खुद हल्द्वानी, रुद्रपुर, देहरादून जैसे शहरों में रहते हैं। दूसरों को नसीहत देने से पहले खुद वहां रहें तो कुछ बदलाव आ सकता है। कार्यक्रम में कुछ समाज सेवियों को उत्तराखंड गौरव सम्मान दिया गया। अंगदान के लिये प्रेरित कर रहे पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ ललित उप्रेती, लोकगीतों के माध्यम से पलायन रोकने को प्रेरित करने वाली पौड़ी की श्रीमती रेखा बलूनी, मशरूम उत्पादन से कई लोगों को रोजगार दे रही श्रीमती रेखा नेगी आदि को भी सम्मान प्रदान किया गया। डा. पंत ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर आयोजक संस्था के अवतार सिंह बिष्ट, पी सी शर्मा, एम के नैय्यर, राज्यमंत्री उत्तम दत्ता, राज्य आंदोलनकारी हुकम सिंह कुंवर आदि भी सम्मिलित हुए।



# मुख्य सचिव ने दी खेल, पर्यटन और बुनियादी ढांचे की बड़ी योजनाओं को मंजूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बधर्न की अध्यक्षता में संपन्न हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में राज्य के विभिन्न जनपदों के लिए महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। इस बैठक में खेल, पर्यटन, कारागार और तरला क्षेत्र में रिंग फेसिंग कार्यक्रम के तहत 1788.34 लाख रुपये की लागत वाली सीवरेज परियोजना को भी स्वीकृति मिली। इसके अतिरिक्त केंद्रीय कारागार सितारगंज के विस्तार कार्य के लिए 3814.72 लाख रुपये की धनराशि मंजूर की गई। हल्द्वानी के भूमि पर पर्यटन सुविधाओं के विकास के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोलज्ज्यू देवता कॉरिडोर का प्रस्ताव मंदिर को केंद्र में रखकर तैयार किया जाए, जिसमें स्थानीय और कुमाऊं की पारंपरिक संस्कृति की झलक



बुनियादी ढांचे से जुड़ी कई योजनाओं को हरी झंडी दिखाई गई। बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत जनपद चंपावत मुख्यालय स्थित गोरलचौड़ मैदान में स्टेडियम निर्माण और गोलज्यू कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत गोलू देवता कॉरिडोर के निर्माण कार्य को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के दौरान देहरादून जनपद के आमवाला गौलापार में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं एकेडमिक भवन और 100 बेड की क्षमता वाले छात्रावास के निर्माण के लिए 2679.37 लाख रुपये की योजना को भी अनुमोदित किया गया। मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने चंपावत में गोल्जयु मंदिर के पास लोक निर्माण विभाग और पशुपालन विभाग की अनिवार्य रूप से दिखाई दे। उन्होंने मंदिर के आसपास नैसर्गिक विकास से संबंधित निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, दिलीप जावलकर, एस.ए. मुरुगेसन, रणवीर सिंह चौहान, धीरज गर्ब्याल और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।






# विधायक सुमित की अगुवाई में यूएसडीडीए कार्यालय में प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पनचक्की चौराहे से मुखानी चौराहे को जोड़ने वाली सड़क पर, अंबिका विहार जाने वाली गली के समीप हुई हृदय विदारक दुर्घटना में सुरेश पांडेय के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए विधायक सुमित हृदयेश ने इसे अत्यंत दुखद एवं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताया।उन्होंने कहा कि उक्त मार्ग पर यूएसडीडीए द्वारा निर्मित बड़े-बड़े खुले एवं असुरक्षित सीवर चैम्बर और टूटी सड़क इस दुर्घटना का प्रमुख कारण बनी हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा समय-समय पर इन खुले चैम्बरों के संबंध में चिंता जताई गई थी,किन्तु संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई नहीं की गई।इसी गंभीर विषय को लेकर तल्ली बमौरी स्थित वार्ड संख्या 48 में यूएसडीडीए कार्यालय के बाहर विधायक सुमित हृदयेश ने स्थानीय पार्षद मुकुल बल्यूटिया एवं क्षेत्रीय नागरिकों के साथ धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक सुमित ने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, यूएसडीडीए, नगर निगम तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर जवाबदेही सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि लगभग 15 दिन पूर्व ही संबंधित पुलिस अधिकारी से उक्त मार्ग को वन-वे घोषित करने का आग्रह किया था, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। दुर्भाग्यवश उनके सुझाव को गंभीरता से नहीं लिया गया, जिसका दुष्परिणाम एक सम्मानित नागरिक की मृत्यु के रूप में सामने आया।धरना प्रदर्शन के दौरान विधायक ने संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई करने, मार्ग पर यातायात व्यवस्था को देखते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु ठोस एवं स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक परिवार का दुख नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। जनहित के मुद्दों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करें। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिम्मवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मधु सांगुड़ी, हरीश मेहता, एन.बी गुणवंत, अवध बिहारी शर्मा, देवेन्द्र धर्मसत्तू, पार्षद रवि जोशी, धर्मवीर, हेमंत शर्मा, नवीन पांडेय, जया कर्नाटक, पुष्पा मेहता, मीनाक्षी नयाल , रेणू तोमर, चंद्रमोहन ठाकुर, जीवन कार्की, मोहन बिष्ट, महेशनान्द, गिरीश पांडे, गोविंद बगड़वाल, जगमोहन बगड़वाल, खीमानन्द पांडे, मलय बिष्ट, नीतिन भट्ट ,कैलाश शाह, दीपक शाह, देवेन्द्र नेगी, जिज्ञासु भट्ट, लक्ष्मीकांत, लाल सिंह पवार सहीत अन्य लोग मौजूद रहे।



# महानगर कांग्रेस ने धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि रविदास की जयंती

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने समाज में समरसता का संदेश देने वाले संत शिरोमणि रविदास की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी और पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता जगतपुरा स्थित संत रविदास मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने संत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि संत रविदास ने समाज में व्याप्त आपसी भेदभाव और ऊंच-नीच के अंतर को मिटाने का सशक्त संदेश दिया था। उन्होंने समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया और उनके विचार आज के दौर में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। ममता रानी ने आह्वान किया कि समाज के हर वर्ग को उनके महान विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामस्वरूप भारती, अनिल शर्मा, संजीव रस्तोगी, प्रीति साना, उमा सरकार, बाबू विश्वकर्मा, सुमित राय, सतीश कुमार, बेबी सिकदर, दिनेश मौर्य, ज्योति टम्टा, देवेंद्र कुमार, बाबू सागर, अनुज दीक्षित समेत तमाम लोग मौजूद थे।



# ओवरलोडिंग के विरुद्ध पुलिस का डंडा 13 वाहन सीज और 25 के काटे चालान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेशानुसार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के कुशल निर्देशन में ऊधम सिंह नगर पुलिस ने जनपद भर में ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग के विरुद्ध वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 13 वाहनों को सीज किया और कुल 25 चालान काटकर कोर्ट भेजे।अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसी। जसपुर पुलिस ने ओवरलोडिंग में 02 चालान किए, जबकि काशीपुर कोतवाली ने 01 ओवरलोड वाहन को सीज किया। बाजपुर और गदरपुर पुलिस ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए 1-1 वाहन को सीज किया। जिला मुख्यालय रुद्रपुर में कोतवाली पुलिस ने ओवरलोडिंग के 02 चालान काटकर उन्हें सीधे कोर्ट भेजा। सबसे अधिक कार्रवाई किच्छा और





खटीमा क्षेत्र में देखने को मिली, जहां किच्छा पुलिस ने 06 चालान कर 03 वाहन सीज किए, वहीं खटीमा पुलिस ने ओवरलोडिंग में पकड़े गए सभी 06 वाहनों को सीज कर दिया।यातायात पुलिस और सीपीयू की टीमों ने भी सड़कों पर उतरकर चालान की झड़ी लगा दी। यातायात रुद्रपुर ने 02 चालान किए, जबकि यातायात काशीपुर ने 03 ओवरलोडिंग और 04 ओवरस्पीडिंग के चालान काटकर कोर्ट भेजे। काशीपुर यातायात पुलिस द्वारा 01 वाहन को सीज भी किया गया। सीपीयू काशीपुर ने भी ओवरलोडिंग का 01 चालान किया। पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 23 फरवरी को चले इस अभियान में कुल 25 ओवरलोडिंग चालान किए गए, जिनमें से 13 वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया और 12 चालानों को न्यायालय भेजा गया। इसके अतिरिक्त तेज रफ्तार में वाहन चलाने वाले 04 चालकों के भी चालान किए गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सड़क सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए अपराधियों और नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रथम किश्त के चेक वितरित किये

गूलरभोज (उद संवाददाता)। नगर पंचायत गूलरभोज में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत 83 लाभार्थियों को आवास निर्माण हेतु प्रथम किस्त के चेक वितरित किए गए। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा और नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग ने पात्र परिवारों को चेक सौंपे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास कार्यों को किसी भी कीमत पर रुकने नहीं देंगे और हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है। भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि हर परिवार को पक्की छत देने के



विजन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश का हर निधन परिवार सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का यह प्रयास न केवल पात्र परिवारों को अपनी छत मुहैया कराएगा, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक सुधार लाएगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी राजकुमार भारती,बलराम मंडल, इंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, भूपेंद्र आर्य, गोविंद राजभर, जगदीश सिंह,नरेंद्र सिंह, करम सिंह, सुनील शर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिले भर में चला पुलिस का सघन सत्यापन अभियान, 412 बाहरी व्यक्तियों की हुई जांच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के कुशल निर्देशन में ऊधम सिंह नगर पुलिस ने जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों और संदिग्धों के विरुद्ध व्यापक सत्यापन अभियान चलाया। पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार संचालित इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने घर-घर जाकर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सघन चेकिंग की। सोमवार को चले इस अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही करते हुए कुल 54 चालान किए गए।अभियान के अंतर्गत कोतवाली खटीमा पुलिस ने झनकट, मझोला और चकरपुर क्षेत्रों में 74 लोगों का सत्यापन कर 4 चालान किए। काशीपुर पुलिस ने पटेल नगर क्षेत्र में 71 सत्यापन किए और पुलिस एक्ट की विभिन्न धाराओं



में कुल 27 चालान काटकर बड़ी कार्रवाई की। बाजपुर में 65, सितारगंज में 31 और केलाखेड़ा क्षेत्र में 28 व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन किया गया। दिनेशपुर पुलिस ने वार्ड नंबर 4 में 24 सत्यापन करते हुए 13 चालान किए। किच्छा और नानकमत्ता में 19-19 लोगों की जांच की गई। जसपुर में 18 सत्यापन के साथ 6 चालान किए गए, जबकि जिला मुख्यालय रुद्रपुर के रमपुरा क्षेत्र में 17 सत्यापन कर 4 चालान काटे गए।इसके अतिरिक्त गदरपुर में 15, पुलभट्टा में 12, आईटीआई क्षेत्र में 10, झनकईया में 6, कुण्डा में 2 और पंतनगर में 1 व्यक्ति का सत्यापन किया गया। पूरे जनपद में चले इस अभियान के दौरान कुल 412 व्यक्तियों का डेटा खंगाला गया। एसएसपी अजय गणपति ने जनपद वासियों से अपील की है कि वे सुरक्षा के दृष्टिगत अपने घरों या दुकानों में बाहरी व्यक्तियों को रखने से पूर्व उनका अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराएं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों और बिना सत्यापन के किराएदार रखने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार की कठोर दंडात्मक कार्यवाही जारी रहेगी।






## आईटीआई पुलिस ने अभियान चलाकर चार वारंटियों को किया गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर अजय गणपति के कुशल निर्देशन में वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत कोतवाली आईटीआई पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने क्षेत्र में दबिश और सत्यापन के दौरान विभिन्न आपराधिक मामलों में लंबे समय से वांछित चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में गुरमुख सिंह पुत्र शंकर सिंह, कृष्ण सिंह पुत्र मोहर सिंह और अमरजीत उर्फ पप्पू पुत्र कश्मीर सिंह, तीनों निवासी छोटी बरखेड़ी शामिल हैं। ये तीनों अभियुक्त आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमों में कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर फरार चल रहे थे। इसके अतिरिक्त पुलिस ने ग्राम बरखेड़ा पाण्डे निवासी मौ. सरफराज उर्फ छोटे



पुत्र स्व. फकीर मोहम्मद को भी गिरफ्तार किया है, जो भारतीय दंड विधान की धारा 409 (धोखाधड़ी) से संबंधित मामले में वांछित था।पुलिस टीम ने बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूरी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट, अपर उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह गड़िया, दीपक चौहान, कांस्टेबल धर्मेंद्र भारती, दीपक जोशी, हरीश नेगी और सुरेंद्र कांबोज शामिल रहे।

## ग्राहक पंचायत की सभा का आयोजन कल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की आगामी राष्ट्रीय साधारण सभा, जो शीघ्र ही हरिद्वार में आयोजित होने जा रही है, के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन पर चर्चा के साथ ही महानगर रूद्रपुर के गठन एवं विस्तार के संबंध में एक सभा कल 25 फरवरी को सायं 4 बजे कल्याण सिंह के निवास स्थान, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के समक्ष, इंदिरा कॉलोनी, रूद्रपुर में आयोजित होगी। यह जानकारी देते हुए संस्था के जिला सचिव ने जनपद की कार्यकारणी के सभी पदाधिकारियों, सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं ग्राहक हितों से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनानें में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करें।

# निरंकारी मिशन ने चलाया स्वच्छता अभियान

### स्वच्छ जल-स्वच्छ मन अभियान के तहत देशभर के 1600 से अधिक स्थानों पर 12 लाख स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के मार्गदर्शन में श्स्वच्छ जल, स्वच्छ मनश अभियान के चौथे चरण का भव्य आयोजन किया गया। इस व्यापक अभियान के अंतर्गत भारत के 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 930 शहरों में 1600 से अधिक स्थानों पर प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण का कार्य किया गया, जिसमें लगभग 12 लाख स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। हल्द्वानी में इस अभियान का शुभारंभ चित्रशिला घाट, गार्गी नदी और विद्युत शवदाह गृह परिसर में मेयर गजराज बिष्ट एवं उत्तराखंड सरकार के दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्या के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर हल्द्वानी क्षेत्र के संयोजक आनंद सिंह नेगी एवं क्षेत्रीय संचालक दीपक वाही ने अतिथियों का स्वागत किया।मेयर गजराज बिष्ट ने निरंकारी मिशन द्वारा चलाए जा रहे इस सफाई अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस निष्ठा से हम अपने घरों की सफाई करते हैं, ठीक उसी समर्पण के साथ लगभग 500 वालंटियर्स ने पूरे घाट की सफाई कर समाज के सम्मुख एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह कार्यक्रम पूर्व प्रधान बाबा हरदेव सिंह के जन्मदिन के



उपलक्ष्य में संपूर्ण समाज को समर्पित किया गया। राज्यमंत्री दिनेश आर्या ने सतगुरु माता सुदीक्षा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जनमानस को जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन के सचिव ने बताया कि अभियान का शुभारंभ सेवादल के प्रार्थना गीत से हुआ और पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, अनुशासन एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।विशेष सत्संग कार्यक्रम के दौरान सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने अपने अमृतमय प्रवचनों में कहा कि बाबा जी की शिक्षाएं केवल स्मरण करने के लिए नहीं बल्कि जीवन में उतारने के लिए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि शब्दों से नहीं बल्कि कर्मों से दी जाती है और भक्ति केवल वाणी तक सीमित न रहकर हमारे व्यवहार में झलकनी चाहिए। उन्होंने प्रेम, सेवा, करुणा और समदृष्टि जैसे मानवीय गुणों को जीवन का आधार बताया। गौरतलब है कि संत निरंकारी मिशन समय-समय पर श्वननेस वनश जैसे वृक्षारोपण अभियानों और श्प्रोजेक्ट अमृतश के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में निरंतर सक्रिय योगदान दे रहा है। श्स्वच्छ जल, स्वच्छ मनश का यह संदेश जल की निर्मलता के साथ-साथ मानवीय चेतना को आलोकित करने का एक सशक्त जीवन-दर्शन बन चुका है।

## शमशीर अहमद सपरिवार उमराह के लिए मक्का मदीना हुए रवाना

बाजपुर (उद संवाददाता)। ग्राम पंचायत रम्पुरा शाकर, विकास खंड बाजपुर के प्रधान शमशीर अहमद अपने परिजनों के साथ उमराह के लिए मक्का मदीना पहुंच गए हैं। उनकी रवानगी के अवसर पर क्षेत्र के तमाम अकीदतमंदों और शुभचिंतकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। शमशीर अहमद के बड़े भाई और पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के प्रदेश महामंत्री हाजी कदीर अहमद ने अन्य लोगों के साथ उन्हें फूल-मालाएं पहनाई और गले मिलकर सफर की मुबारकबाद दी।इस मौके पर मदरसा जामिया हनफिया रजा उलउलूम के प्रबंध



क मौलाना इरशाद रजा नूरी ने कहा कि वे इंसान बहुत खुशनसीब होते हैं जिन्हें अल्लाह और उसके रसूल के रोजे का दीदार करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि रमजान के इस मुबारक महीने में उमराह करने का महत्व और सबाब और भी बढ़ जाता है। मौलाना इरशाद रजा नूरी ने दुआ की कि अल्लाह शमशीर अहमद और उनके परिजनों का उमराह कुबूल फरमाए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और अकीदतमंद मौजूद रहे, जिन्होंने प्रधान और उनके परिवार के सुखद सफर की कामना की

# सरस मेले का भव्य समापन, पांडवाज बैंड की धुनों पर झूमे दर्शक

## जिलाधिकारी और महापौर ने कलाकारों व अधिकारियों को किया सम्मानित





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर कार्निवाल सरस आजीविका मेला 2026 का समापन सोमवार को बेहद भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन दिवस के अवसर पर आयोजित शबॉलीवुड उत्तराखंड संध्याश ने मेले में उमड़े जनसमूह को मनोरंजन, उत्साह और सांस्कृतिक विरासत के विविध रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखंड के प्रसिद्ध एम टीवी वाइड ग्रुप द्वारा दी गई आधुनिक संगीत की प्रस्तुतियों से हुई। ग्रुप के कलाकारों ने अपनी ऊर्जावान गायकी और वादन से मेला परिसर में मौजूद दर्शकों में नया जोश भर दिया। उनके आधुनिक संगीत के तालमेल ने युवाओं को विशेष रूप से प्रभावित किया और पूरे आयोजन स्थल को मनोरंजन के रंग में रंग दिया। इसके पश्चात मंच पर उत्तराखंड की मिट्टी से जुड़े और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले सुप्रसिद्ध शपांडवाज बैंडश ने दस्तक दी। पांडवाज बैंड ने अपनी सुरीली धुनों और उत्तराखंडी लोक संगीत के आधुनिक फ्यूजन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बैंड के कलाकारों ने जब अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी, तो दर्शक खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। उनके शानदार मंच प्रदर्शन ने पूरे आयोजन स्थल को एक उत्सवमय माहौल में तब्दील कर दिया और उपस्थित जनसमूह देर रात तक संगीत की धुनों पर झूमता नजर आया। इसी दौरान मंच पर धरोहर थीम पर आधारित एक विशेष फैशन शो का भी आयोजन किया गया। इस फैशन शो में उत्तराखंड के पारंपरिक पहाड़ी पिछौड़ा, साड़ियों और पंजाबी परिधानों के अद्भुत संकलन को प्रदर्शित किया गया। पारंपरिक और आधुनिकता के इस अनूठे संगम को जनता ने खूब सराहा और करतल ध्वनि से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। सरस आजीविका मेला 2026 ने न केवल ग्रामीण उत्पादों और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का एक सशक्त मंच प्रदान किया, बल्कि यह सांस्कृतिक एकता का भी एक बेहतरीन उदाहरण बनकर उभरा। समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले सभी कलाकारों का स्वागत किया और उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड और भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय संस्कृति और हस्तशिल्प को नई पहचान मिलती है। समापन दिवस पर मेले के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस गरिमामय अवसर पर महापौर विकास शर्मा, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, जी बी पंत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, मुख्य कोषाधिकारी डॉ पंकज शुक्ल, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह, गौरव पांडे, डॉ अमृता शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी के एस रावत, जिला आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डॉ आलोक शुक्ला, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ महेश जोशी, अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, अधिशाषी अभियंता विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, तहसीलदार दिनेश कुटौला, गिरीश त्रिपाठी, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिम्वाल, डीओपीआरडी बी एस रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदनी तोमर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी और भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।





# शरदोत्सव मेला को राज्य मेला कैलेंडर में शामिल करने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को नगर मजिस्ट्रेट ए. पी बाजपेई के माध्यम से दो ज्ञापन प्रेषित किए गए। जिनमें मानवविकास सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पारंपरिक शरदोत्सव मेला, हल्द्वानी को उत्तराखंड सरकार के आधिकारिक राज्य मेला कैलेंडर में शामिल किए जाने की मांग प्रमुखता से शामिल है। संस्थान के अध्यक्ष विक्की योगी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1997 से पंजीकृत मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा वर्ष 1999 से हल्द्वानी में पारंपरिक शरदोत्सव मेला का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। लगभग 25 वर्षों से यह मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पर्यटन गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मेले के मुख्य संरक्षक जिलाधिकारी होते हैं तथा संरक्षक मंडल में उपजिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी शामिल रहते हैं।ज्ञापन में कहा गया कि पांच दिवसीय इस आयोजन में उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, लोकनृत्य, लोकसंगीत एवं पारंपरिक विरासत का संरक्षण और संवधन किया जाता है। स्थानीय कलाकारों, स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओं को मंच प्रदान करने के साथ ही राज्य की फिल्म, कला एवं पर्यटन को बढ़ावा दिया जाता है। मेले में स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और विकास प्रदर्शनी के माध्यम से स्वरोजगार को भी प्रोत्साहन मिलता है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं और राजस्व में वृद्धि होती है।संस्थान ने दूसरे ज्ञापन में यह उल्लेख किया कि पर्यटन और तीर्थाटन राज्य की आय के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। जनपद नैनीताल के छोटा कैलाश में आयोजित शिवरात्रि मेले को एक सप्ताह तक आयोजित किए जाने तथा जिलाधिकारी नैनीताल के मार्गदर्शन में उपजिलाधिकारी नैनीताल को नोडल अधिकारी नियुक्त कर व्यवस्थित रूप से मेला संचालन कराने की मांग भी की गई। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष विक्की योगी, जो पूर्व में उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के सदस्य रह चुके हैं ने कहा कि शरदोत्सव मेला न केवल सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का मंच है, बल्कि यह युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम भी है।ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज, आरके सुधांशु प्रमुख सचिव आदि को भी प्रेषित की गई हैं। इस अवसर पर संस्थान के पूनम चंद, साक्षी बेलवाल, राजीव शर्मा, जी.एस. रावत, अमनप्रीत सिंह अरोरा राजा, पंकज मिश्रा, संयम मल्होत्रा, जगदीश उपाध्याय, राजू शर्मा, कौस्तुभ चंदोला, सरोज बिष्ट, भाजपा नेता जहीर अंसारी, भुवनेश्वरी जोशी हरीश चंद्र एवं शंकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# बीएलओ व सुपरवाइजर को किया निर्देशित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम सभागार में 59 हल्द्वानी विधानसभा के बीएलओ तथा सुपरवाइजर की बैठक आहूत की गई। नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हल्द्वानी ए पी बाजपेई द्वारा 75 प्रतिशत से कम मैपिंग वाले 98 बीएलओ तथा 20 सुपरवाइजरों के काम की समीक्षा की गई। कम मैपिंग के कारणों को जानने तथा फील्ड में आ रही दिक्कतों के संबंध में बीएलओ तथा सुपरवाइजरों से वार्ता की गई। अधिकांश बीएलओ द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान बहुत अधिक संख्या में ऐसे मतदाता पाए गए हैं जो वर्तमान में किसी अन्य क्षेत्र में शिफ्ट हो चुके हैं। जिस कारण मैपिंग का प्रतिशत कम हो रहा है। गौला के किनारे घुमंतू समुदाय के अधिकांश व्यक्ति अपना 2003 का विवरण उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। जिस कारण उनकी मैपिंग नहीं हो पा रही है। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा ऐसे व्यक्तियों का चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं जो कि वास्तव में क्षेत्र में मौजूद नहीं है। ऐसे व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से नियमानुसार हटाये जाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया को अपनाया जाएगा जिसमें संबंधितों को अनिवार्य रूप से नोटिस तामील करवाने के बाद सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाएगा। साथ ही ऐसे मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों तथा बीएलए के साथ भी साझा की जाएगी। सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए जाने के पश्चात ही ऐसे लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा हल्द्वानी के मतदाताओं, एवं नागरिकों तथा राजनैतिक दलों से अपील की गई कि जिन मतदाताओं द्वारा प्री एस आई आर में अपनी मैपिंग नही कराई गई है वो 28 फरवरी तक अपने क्षेत्र के बीएलओ का सहयोग कर मैपिंग करवा दें, ताकि उनका मताधिकार सुरक्षित रह सके। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, तहसीलदार कुलदीप पांडे, समन्वयक गिरीश तिवारी के साथ ही समस्त सुपरवाइजर तथा चयनित बीएलओ उपस्थित रहे।



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# लाल बाबा के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में हिन्दू सम्मेलन के दौरान विशेष समुदाय पर विवादित बोल बोलने वाले लाल बाबा पर मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस ने बाबा पर धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने समेत विभिन्न धाराओं में मुकमदा दर्ज हुआ है। एसएसजे परिसर के सिमकनी खेल मैदान में विरोट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ था। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चों समेत भाजपा नेता और आरएसएस के लोग मौजूद थे। इसी दौरान सम्मलेन में वक्ता के तौर पर लाल बाबा ने विशेष समुदाय पर विवादित बोल पर विवाद खड़ा हो गया। बाबा ने खुले मंच से विशेष समुदाय को उत्तराखंड छोड़ने और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर मारने की धमकी दी। वहीं, मामले का विडियों भी इन दिनों जमकर वायरल हो रहा है।

# युवा शक्ति और अनुशासन ही विकसित भारत की आधारशिला:राज्यपाल

## पंतनगर विश्वविद्यालय में राज्यपाल ने किया राज्य विश्वविद्यालय खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ





पंतनगर। महामहिम राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पंतनगर विश्वविद्यालय में 04 दिवसीय उत्तराखंड राज्य विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता का दीप प्रज्ज्वलित कर व मशाल प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। महामहिम राज्यपाल ने 800 मीटर पुरुष, महिला वर्ग रेस के विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। 800 मीटर रेस पुरुष वर्ग में एस एस जे अल्मोड़ा के अंकित नाथ प्रथम,श्रीदेव सुमन टिहरी गढ़वाल के आसिफ द्वितीय, एसएस जे अल्मोड़ा के ललित सिंह तृतीय स्थान पर रहे जबकि महिला वर्ग 800 मी0 रेस में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की नीतू प्रथम,संस्कृति वि वि हरिद्वार की चांदनी द्वितीय व एसएस जे अल्मोड़ा की शीतल भट्ट तृतीय स्थान पर रही। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा उत्तराखंड राज्य विश्वविद्यालय खेल एवं क्रीड़ा महोत्सव के उद्घाटन समारोह में आप सभी प्रिय छात्र-छात्राओं और देवभूमि उत्तराखंड की उज्ज्वल युवा शक्ति के मध्य उपस्थित होना मेरे लिए अत्यंत हर्ष और आत्मगौरव का विषय है। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाशक्ति, अनुशासन, संकल्प और राष्ट्रभावना का उत्सव है। उन्होंने कहा उत्तराखंड को हम देवभूमि कहते हैं यह आस्था की भूमि है, तप की भूमि है, त्याग और पराक्रम की भूमि है। परंतु आज मैं इसे युवाशक्ति की भूमि के रूप में देख रहा हूँ। हिमालय की ऊँचाइयाँ हमें ऊँचा लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा हमारी मूल भावना है,-“राष्ट्र सर्वोपरि”। खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त साधन हैं। मैदान में जो अनुशासन, समर्पण और टीम भावना विकसित होती है, वही आगे चलकर राष्ट्र प्रथम की चेतना को सुदृढ़ करती है। जब कोई खिलाड़ी मैदान में उतरता है, तो वह केवल स्वयं का नहीं, बल्कि अपने राज्य और अपने राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है। विश्वविद्यालय जीवन केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए। शिक्षा और खेल दोनों का संतुलित विकास ही संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। जो विद्यार्थी पढ़ाई में उत्कृष्ट है और खेल में सक्रिय है, वही आत्मविश्वासी, संतुलित और नेतृत्व क्षमता से युक्त नागरिक बनता है। महामहिम ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि समग्र विकास करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया है कि खेल और सह-पाठ्य गतिविधियों को मुख्यधारा में स्थान देकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व को विकसित करने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। यह महोत्सव उसी भावना का सशक्त उदाहरण है। महामहिम राज्यपाल ने कहा “फिट युवा, सशक्त भारत” का संकल्प तभी साकार होगा जब हमारे विश्वविद्यालय खेलों को प्राथमिकता देंगे। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया जैसे अभियानों ने देश में जनभागीदारी से खेल संस्कृति को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा जो युवा खेल के मैदान में पसीना बहाता है, वह जीवन में कभी गलत दिशा की ओर नहीं जाता। आज समाज के समक्ष एक बड़ी चुनौती नशे की प्रवृत्ति है। युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम खेल है। खेल ऊर्जा देता है, आत्मविश्वास देता है और जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाता है। महामहिम ने कहा आज हमारे बीच बड़ी संख्या में महिला खिलाड़ी भी भाग ले रही हैं। यह अत्यंत हर्ष का विषय है। “स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार” केवल एक विचार नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार है। जब बेटियाँ खेल में आगे बढ़ती हैं, तब समाज की सोच नहीं, राष्ट्र की दिशा बदलती है। राज्यपाल ने कहा राज्य में खेल मैदानों, स्पोर्ट्स अकादमियों और प्रशिक्षण सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय स्तर पर ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को मंच प्रदान करते हैं, जहाँ उनकी प्रतिभा निखरती है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय स्तर से ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच की तैयारी प्रारंभ होती है। मैं आप सभी खिलाड़ियों से आह्वान करता हूँ कि आप केवल इस प्रतियोगिता तक सीमित न रहें, बल्कि ओलंपिक जैसे वैश्विक मंचों को अपना लक्ष्य बनाएँ। उन्होंने कहा उत्तराखंड की धरती से भी ऐसे खिलाड़ी निकलें जो विश्व पटल पर भारत का तिरंगा ऊँचा करें। जब तिरंगा विश्व मंच पर लहराता है, तो वह केवल एक खिलाड़ी की जीत नहीं, 140 करोड़ भारतवासियों का गौरव होता है। वह क्षण पूरे राष्ट्र की सामूहिक चेतना और गर्व का क्षण बन जाता है। जीत और हार दोनों जीवन का हिस्सा हैं। सच्ची विजय पदक में नहीं, बल्कि आपके प्रयास में है। खेल हमें सिखाते हैं कि सफलता में विनम्र और असफलता में धैर्यवान कैसे रहें। यही गुण जीवन में नेतृत्व और उत्कृष्टता का आधार बनते हैं। महामहिम ने कहा प्रिय खिलाड़ियों याद रखिए, आज का खिलाड़ी कल का नेतृत्वकर्ता है। आपका परिश्रम, अनुशासन और आपका संकल्पख्रविकसित भारत 2047 की आधारशिला है। जब युवा सशक्त होगा, तभी राष्ट्र सशक्त होगा; जब राष्ट्र सशक्त होगा, तभी विश्व में भारत की प्रतिष्ठा और ऊँची होगी। कुलपति जी बी पंत विश्वविद्यालय डॉ मनमोहन सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में आए अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया व सभी खिलाड़ियों से खेल भावना तथा अनुशासन से खेलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि इस अंतर राज्य विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में 10 विश्वविद्यालयो के लगभग 722 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रो0 डी एस रावत,अल्मोड़ा विश्वविद्यालय डॉ सतपाल सिंह बिष्ट,कुलसचिव दीपा विनय, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया,पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चौधरी, विश्वविद्यालय डेम बी एस चलाल, सीएमओ डॉ केके अग्रवाल,अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के डीन, डायरेक्टर, कोच, निर्णायक, खिलाड़ी मौजूद थे।







# लाखों की स्मैक सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को लगभग 36 लाख कीमत की 121 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि माह नवंबर से अब तक 55 नशे के तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 44 अभियोग दर्ज किए गए हैं।जिसमें 7.96 किलो चरस, 768.32 ग्राम स्मैक, 83 किलो गांजा, और 180 नशे की गोलियां, 24 कैप्सूल तथा 993 नशीले इंजेक्शन की बरामदगी की गई है। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री के श्ड्रग फ्री देवभूमि मिशनश को धरातल पर उतारते हुए जनपद पुलिस ने नशे के सौदागरों की कमर तोड़ दी है। एक बड़ी कार्रवाई में बनभूलपुरा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में स्मैक के साथ एक तस्कर को दबोचा है। दिनेश सिंह फर्त्याल प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुराके नेतृत्व में चेकिंग अभियान के दौरान गौला बाईपास रोड के पास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 121 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मो. उमेर निवासी अजीज गली, थाना बहेड़ी जिला बरेली (वर्तमान निवासी टांडा, शेखपुरा) बताया।ऑपरेशन को अंजाम देने वाली संयुक्त टीम में उनि मनोज यादव, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, भूपेन्द्र जेष्ठा, संतोष बिष्ट शामिल थे।एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस द्वारा जिले में नशे के खिलाफ चल रहे इस महा भियान के तहत दो अन्य बड़ी सफलताएं भी मिलीं। जिनमें रामनगर में एक तस्कर को 9.84 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं लालकुआं में दो अभियुक्तों को 7.68 ग्राम स्मैक के साथ सलाखों के पीछे भेजा गया।एसएसपी ने टीम को 2000 रुपये से पुरस्कृत करने की घोषणा की।



# जन संवाद में विधायक ने सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्याएं

किच्छा । क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वार्डों और ग्रामों से आए प्रतिनिधियों ने सड़क, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगें प्रमुखता से उठाईं। विधायक ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके निस्तारण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया। वार्ड नंबर 18 मौलाना आला हजरत, मोहल्ला सिरौली कला से पहुंचे अकरम, मुनाजिर, असलम, शकूर अहमद, मुजाहिद और अशफाक ने 120 मीटर लंबाई की दो सड़कों के निर्माण की मांग उठाई। वहीं वार्ड नंबर 10 आवास विकास किच्छा से आए रितेश चावला, अमरजीत गाबा, जगदीश बेहड़, अमन अरोरा और प्रवीण वर्मा ने क्षेत्र में बेलगाम दौड़ते वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाने की आवश्यकता जताई। ग्राम कुर्रैया की ग्राम प्रधान जसवीर कौर ने गांव में पेयजल संकट के समाधान हेतु पानी की टंकी निर्माण का प्रस्ताव रखा, जबकि ग्राम कनकपुर के प्रधान गुरमेज सिंह ने शिव मंदिर प्रांगण में कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए एक हॉल के निर्माण की मांग रखी। इस अवसर पर बेहड़ ने कहा कि जन संवाद का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी पहली प्राथमिकता है और सड़क, पानी व सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी प्राप्त प्रस्तावों का स्थलीय निरीक्षण करें और प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। विधायक ने भरोसा दिलाया कि जनता के सहयोग और विश्वास से क्षेत्र में विकास कार्यों की गति निरंतर जारी रहेगी।



# हजारों रुपए कीमत के कॉपर समेत एक गिरफ्तार

## तीन दिन के भीतर पुलिस ने किया सनसनीखेज चोरी का खुलासा

काशीपुर। दुकान से चुराई गई हजारों की कॉपर पाइप के साथ पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। बीते 21 फरवरी को सैनिक कॉलोनी थाना आईटीआई निवासी जगत सिंह पुत्र सुखवंत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रामनगर रोड स्थित उसके प्रतिष्ठा से अज्ञात चोरों द्वारा लगभग 15 हजार की कॉपर की पाइप चोरी कर ली गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। घटना के अनावरण को लेकर अधिकारियों द्वारा एक टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने सुरागरसी पतरासी करते हुए मोहल्ला काजीबाग कटोरा ताल निवासी मुकीम पुत्र अब्दुल वहीद को चुराए गए कॉपर के टुकड़ों के साथ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी बरामद कर सीज कर दिया। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक गिरीश चंद्र, कांस्टेबल गिरीश चंद्र मतपाल एवं कांस्टेबल ईश्वर सिंह शामिल रहे।



# कल सजेगी विकसित भारत युवा संसद

हल्द्वानी । भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत नैनीताल और राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वय से आगामी 25 फरवरी को शविकसित भारत युवा संसद 2026श का आयोजन किया जा रहा है। यह जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रात: 11 बजे से डीएसबी परिसर के सेमिनार हॉल में संपन्न होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़कर उन्हें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। उप निदेशक मेरा युवा भारत नैनीताल डोल्वी तेवतिया ने बताया कि इस वर्ष युवा संसद का मुख्य विषय आपातकाल के 50 वर्ष: भारतीय लोकतंत्र के लिए सीखष रखा गया है। प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा (01 सितंबर 2025 की गणना के अनुसार) प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को मंच पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए 3 मिनट का समय दिया जाएगा। इच्छुक युवा निर्धारित तिथि को सीधे आयोजन स्थल पर पहुँचकर अपनी सहभागिता दर्ज करा सकते हैं।जिला स्तर पर होने वाले इस आयोजन में प्रदर्शन के आधार पर 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत और ब्राजील के समझौते

मौजूदा दौर में दुनिया भर में भू-राजनीति के स्वरूप में जिस तेजी से उतार-चढ़ाव देखे जा रहे हैं, उसमें सभी देशों के सामने अपने भविष्य और विकास की राह सुरक्षित करने की चुनौती दिख रही है। खासतौर पर जिन कारकों पर आने वाले वर्षों में विकास की दिशा निर्भर करेगी, उसके मद्देनजर अलग-अलग देशों के बीच साझेदारी के नए अध्याय तैयार हो रहे हैं, विकल्प की राह खोजी जा रही है। भारत और ब्राजील के बीच हुए समझौते को इसी की एक कड़ी के रूप में देखा जा सकता है, जिसमें मुख्य रूप से उन बिंदुओं पर सहमति बनी है, जिसमें सहयोग के क्षेत्र में विकल्प के नए रास्ते तैयार हों। आज दुनिया भर में यह चिंता सतह पर देखी जा रही है कि आने वाले वर्षों में विकास का आधार बनने वाले अहम कारकों को लेकर कैसे एक नई आपूर्ति शृंखला बनाई जाए।भारत-ब्राजील के बीच हुआ समझौता इसी संदर्भ में महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि इसके जरिए दोनों को अन्य मजबूत देशों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि इस समझौते में अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को बीस अरब डालर से ज्यादा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसे एक मजबूत आपूर्ति शृंखला बनाने की दिशा में काफी महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समझौते में सबसे अहम सहमति दुर्लभ खनिजों और भू-धातुओं को लेकर बनी है, जो आने वाले वर्षों में समूची दुनिया में विकास के सबसे अहम कारक बनने वाले हैं।इससे तकनीक के क्षेत्र में आदान-प्रदान, नई संभावनाओं की खोज, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह जगजाहिर तथ्य है कि आज लीथियम और कोबाल्ट जैसे अन्य दुर्लभ खनिज तथा भू-धातु विकास के संचालक तत्त्व बन रहे हैं। वैश्विक स्तर पर जिस तरह इलेक्ट्रिक वाहनों, ऊर्जा क्षेत्र, आधुनिक रक्षा उपकरणों के निर्माण और रोबोटिक्स उत्पादन के क्षेत्र में सभी देश अपनी स्थिति मजबूत करना चाहते हैं और इस संबंध में ज्यादा बेहतर अवसरों की तलाश में हैं। ऐसे में दुर्लभ खनिजों की मांग में काफी तेजी आने की उम्मीद है। फिलहाल वैश्विक स्तर पर दुर्लभ खनिज प्रसंस्करण के सबसे बड़े हिस्से पर चीन का नियंत्रण है। भारत-ब्राजील के बीच हुए समझौते का एक मुख्य उद्देश्य आधुनिक उद्योग और तकनीक के लिए आवश्यक सामग्री की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करना है और साथ ही इस क्षेत्र के प्रमुख आपूर्तिकर्ता और खासतौर पर चीन पर निर्भरता को कम करना है। भारत के लिए यह समझौता इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि ब्राजील को चीन के बाद दुर्लभ खनिजों से समृद्ध दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश माना जाता है। ब्राजील के साथ नए करार के बाद भारत को इन खनिजों को सीधे हासिल करने में मदद मिलेगी।

# मुख्य सचिव ने दिए भराड़ीसैंण विधानसभा सत्र की तैयारियों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में आयोजित सचिव समिति की बैठक में राज्य के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। मुख्य सचिव ने भराड़ीसैंण में प्रस्तावित आगामी विधानसभा सत्र की समुचित तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा प्रोटोकॉल, कार्यपूर्ति दिग्दर्शिका, मानक प्रचालन कार्यविधि (एसओपी) और सैनिटेशन व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त करने पर विशेष बल दिया। अनुशासन और सुशासन का कड़ा संदेश देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यालयों में किसी भी प्रकार की बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त प्रवर्तन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बैठक में मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री द्वारा राज्य में किए गए सभी शिलान्यास कार्यों की वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट तलब की। उन्होंने ई-ऑफिस और डिजिटल फाइलिंग के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जनपदों की सराहना की और सभी निदेशालयों को डिजिटल प्रगति में और तेजी लाने के निर्देश दिए। श्अडॉप्ट ए विलेजश् योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कम प्रगति वाले जनपदों को कार्य में गंभीरता लाने को कहा। साथ ही, जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे प्रवासियों का डेटा तैयार कर उनसे समन्वय स्थापित करें, ताकि उनके अनुभव और तकनीक का लाभ प्रदेश के विकास में लिया जा सके।राजस्व परिषद की आयुक्त सह सचिव रंजना राजगुरु ने एग्री स्टैग योजना का प्रस्तुतीकरण देते हुए कृषि विकास योजनाओं में तेजी लाकर केंद्र से मिलने वाले प्रोत्साहन का लाभ उठाने पर जोर दिया। वहीं, जिलाधिकारी टिहरी ने जीआईएस के माध्यम से गवर्नेंस को गति देने और भूमि अधिग्रहण मुआवजे के त्वरित निस्तारण पर वर्चुअल प्रस्तुति दी, जिसकी सराहना की गई। जिलाधिकारी उधम सिंह नगर ने भी सतत कृषि और जल संरक्षण से जुड़ी अपनी पहल को साझा किया। मुख्य सचिव ने अंत में सभी जिलाधिकारियों को अंतर-विभागीय समन्वय और पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, प्रमुख सचिव धनंजय चतुर्वेदी, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# रोपवे परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में उत्तराखंड में रोपवे परियोजनाओं के विकास, संचालन और रखरखाव को लेकर संबंधित विभागों, हितधारकों और पीपीपी कंपनियों के साथ प्रथम बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न जनपदों में गतिमान और प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने इन परियोजनाओं को प्रदेश की अर्थव्यवस्था, पर्यटन और आवागमन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जिलाधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने निर्देशित किया कि विजिबिलिटी स्टडी जैसी प्रक्रियाओं को प्रारंभिक चरण में ही हाई पावर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, ताकि सभी पक्षों पर समय रहते विचार-विमर्श हो सके। उन्होंने रोपवे से संबंधित प्रस्तावों की त्वरित जांच कर सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा ताकि अनावश्यक विलंब से बचा जा सके। बैठक में पीपीपी मोड पर बनने वाली परियोजनाओं के तकनीकी, वित्तीय और प्रशासनिक अनुमोदनों सहित सभी औपचारिकताओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने पर जोर दिया गया।बैठक के दौरान देहरादून-मसूरी रोपवे परियोजना में हो रही देरी पर कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव ने इसकी प्रगति में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन, सरकारी निर्माण एजेंसियों, लोक निर्माण विभाग और पुलिस के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर स्थानीय चुनौतियों को हल करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन मुद्दों को हाई पावर कमेटी या बोर्ड के समक्ष रखा जाना है, उन्हें समय से प्रस्तुत किया जाए। इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, पंकज पांडेय, धीरज सिंह गर्ब्याल, अपर सचिव अभिषेक रूहेला, एनएचएलएमएल से प्रशांत जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लिटिल चैंपियंस प्ले स्कूल में नन्हें वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। लिटिल चैंपियंस प्ले स्कूल का 13वां वार्षिकोत्सव विद्यालय परिसर में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भव्य समारोह का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय में एक आकर्षक विज्ञान प्रदर्शनी



का भी आयोजन किया गया, जिसमें छोटे बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता त्रिपाठी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने पिछले एक वर्ष की शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों व शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। मुख्य वक्ता मनोज रॉय ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और परिश्रम ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की विशेष रूप से प्रशंसा की।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक तरुण सिंह, प्रधानाचार्या अनिता त्रिपाठी सहित हीरा जंगपांति, विजय लक्ष्मी, कंचन कुनियाल, विपिन चंद्र, दीपा वर्मा, चेतन कुमार, पूजा पंकज और अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईला विश्वास, काजल मेहता, कल्याणी राय, मेघना, खुशी शर्मा और विद्यालय के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# बाहरी लोगों के सत्यापन को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में बढ़ रही भिक्षावृत्ति और बाहरी व्यक्तियों की अनियंत्रित आवाजाही को लेकर मौलाना आजाद जन कल्याण समिति ने चिंता जताई है। सोमवार को समिति के अध्यक्ष जहीर आलम अंसारी के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन के माध्यम से समिति ने प्रशासन से मांग की है कि शहर की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। समिति ने शहर में बाहर से आए भिखारियों, फकीरों, साधु-संतों और मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों का गहन सत्यापन करने की मांग की है। विशेषकर



बनभूलपुरा क्षेत्र में बुर्के में छोटे बच्चों के साथ भीख मांग रही महिलाओं की जांच की मांग की गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। ज्ञापन में घ्उत्तराखंड सरकार द्वारा लागू 'भिक्षावृत्ति प्रतिरोध अधिनियम' का हवाला देते हुए मांग की गई कि शहर में अभियान चलाकर भिक्षुकों को चिह्नित किया जाए और उन्हें उचित भिक्षु गृहों में भेजा जाए।शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों का सत्यापन कर उन्हें उपचार के लिए मानसिक चिकित्सालय या सुधार गृह भेजने की अपील की गई है। समिति के अध्यक्ष जहीर आलम अंसारी ने कहा कि शहर की शांति और सुरक्षा के लिए इन बाहरी तत्वों का रिकॉर्ड होना अनिवार्य है। उनके साथ हसरत अली, मोहम्मद नाजिम तस्लीम अहमद आदि साथ रहे।

# क्षेत्रीय दल की सरकार बनने से ही उत्तराखंड के हक सुरक्षित : नेगी

खटीमा। उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी के नेतृत्व में चल रही कुमाऊं संवाद यात्रा सोमवार को खटीमा पहुंची। इस दौरान उन्होंने शहीद स्मारक पर राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।बैठक को संबोधित करते हुए नेगी ने कहा कि 42 शहीदों के बलिदान से बने उत्तराखंड राज्य




में आज भ्रष्टाचार और अव्यवस्था बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहाड़ का युवा अपने ही राज्य में रोजगार के लिए भटकने को मजबूर है तथा प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों को प्राथमिकता दिए जाने से स्थानीय युवाओं का भविष्य संकट में पड़ गया है और बेरोजगारी बढ़ रही है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने इसे प्रदेश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया।नेगी ने बताया कि संवाद यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और क्षेत्रीय राजनीति को मजबूत बनाना है।बैठक में राम सिंह नेगी, संतोष मेहरा, शिवलाल रस्तोगी, शिव शंकर भाटिया, नीरज बिष्ट और कुलदीप रावत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गदरपुर में 'शेक एंड वेफल्स' का भव्य शुभारंभ

गदरपुर। गूलरभोज रोड पर नई फूड शॉप 'शेक एंड वेफल्स' का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। दुकान का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार मिंटू एवं वार्ड मेंबर मुकेश चावला ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर दुकान के स्वामी अनिल कुमार ने बताया कि उनकी दुकान पर हर तरह के ताजा शेक, जूस, वेफल्स , बर्गर, सैंडविच, कॉफी सहित अन्य फास्ट फूड आइटम उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर स्वाद, साफ-सफाई और उचित दाम पर गुणवत्ता युक्त उत्पाद उपलब्ध कराना उनका मुख्य उद्देश्य है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार मिंटू ने अनिल कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के नए प्रतिष्ठान खुलने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलते हैं और नगर का व्यापार भी बढ़ता है। वार्ड मेंबर मुकेश चावला ने भी दुकान की सफलता की कामना की। उद्घाटन अवसर पर स्थानीय लोग, व्यापारीगण व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और नई दुकान के खुलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। अनिल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस दौरान पंकज सेतिया, मन्नी फुटेला, अवतार गुंबर, दाता राम, ठाकुर रामपाल सिंह, श्रीपाल सिंह, अंकुर कुमार, सोमपाल सिंह, रोहित कुमार, विजय बहादुर, सिद्धार्थ, सुरमीत, नीतू ठाकुर, सोनी, रामवती, जोगेंद्र देवी, सलोनी, बबीता रानी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# इंटर कालेज गदरपुर में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

गदरपुर। पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, गदरपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनोज गुम्बर मिन्टू की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनकी उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने खूब सराहना की।इस अवसर पर सभासद श्री रमन छाबड़ा, श्री अश्वनी कुमार, श्री सचिन गुप्ता, श्री मुकेश चावला, सभासद प्रतिनिधि श्री सलीम बाबा एवं श्री मो. मोमिन भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय परिवार के प्रयासों की प्रशंसा की।मुख्य अतिथि श्री मनोज गुम्बर मिन्टू ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री परशुराम दिवाकर एवं समस्त अध्यापकगण को सफल एवं अनुकरणीय आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



# विश्व में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बढ़ता उपयोग

आज के आधुनिक समय में ए,आई, ,कृत्रिम बुद्धिमत्ता, तकनीक का उपयोग बढ़ता ही जा रहा है यह कम्प्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों को मानव जैसी बुद्धिमत्ता



क्षमताएं प्रदान करती है इसका उद्देश्य ऐसी प्रणालियां विकसित करना है जो सोच,सीख, समस्या व समाधान, निर्णय लेने और भाषा को को समझने जैसे कार्य कर सकें यह हमारे जीवन में सहजता से शामिल हो गया है यह अपने ए,आई, टूल्स के माध्यम से स्वास्थ्य, सेवा,से लेकर मानव रहित परिवहन के कार्य करने के तरीकों को बदल रहा है सीरी और एलेक्सा जेसे वर्चुअल असिस्टेंट का उपयोग करके जो हमारे प्रश्नों को समझ उनका सही जबाब व जानकारी देते हैं ग्रामर्ली-व्याकरण को जानकर हमारी लेखनी को सुधारती है डीपमांइड -यह स्वास्थ्य, ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में जटिलता से भविष्य के लिए सजगता से जानकारी प्रदान करता है, सर्जरी सिस्टम से सर्जरी नियंत्रण कम चीरा लगाकर आप्रेशन करने की जानकारी प्रदान करता है कैंसर ,लीवर हृदय लोगों का सटीक डायग्नोसिस व प्रभावी इलाज संभव हो सका है एक शरीर के लिए सही डाइट की जानकारी प्रदान करता है कि शरीर को कितने भोजन की जरूरत है तथा पानी और कब और कितना पीना है यह तकनीक प्रशिक्षण व शिक्षा,सोशल मीडिया, फिल्म-निर्माण के क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध हुआ है नवीन प्रौद्योगिकी, अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा, आर्किटेक्ट के क्षेत्रों में ए, आई का योगदान उल्लेखनीय है सन1960मे पो,एच,एन,महबला के कार्यों के माध्यम से ए,आई,का भारत में पदार्पण हुआ अनेक लाभो के वावजूद एक,आई,ने नैतिक चिंताओं को जन्म देता है यह मानवीय भावनाओं में करूणा,दया, प्रेम जैसे मानवीय मूल्यों से यह अभी तक अछूता है डेटा -गोपनियता का चोरी एल्गोरिथम, नौकरियों की हानि जैसी महत्वपूर्ण चुनौतिया है इसके दुर्भाग्यपूर्ण उपयोग में डीपफेक का उपयोग द्वारा फेकवीडियो या फोटो बनाकर जो किसी व्यक्ति की बेहद निजी छवि को खराब कर सकता है जो मानवीय मूल्यों व चरित्र के लिए बड़ा खतरा है। इसके लिए सरकार व बुद्धिजीवियों द्वारा मजबूत नियम व नैतिक ढांचे की आवश्यकता है ताकि एक, आई, का उपयोग सही व जिम्मेदारी से हो सके आज के आधुनिक युग में यह एक शक्तिशाली हथियार की भांति विकसित हो रहा है जो समय को अभूतपूर्व तरीके से बदल रहा है इससे इतर अधिक लाभ प्राप्त कर इससे उत्पन्न चुनौतियों को ध्यान में रखकर इसकी क्षमताओं को उजागर कर एक बेहतर भविष्य बना सकते हैं सरकारे इसके लिए बेहतर प्रयास कर रही है ।

प्रस्तुति-नरेश छाबड़ा,रूद्रपुर

# विधिक साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी

गुलरभोज(उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के सचिव के आदेशानुसार सोमवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिदासपुर में एक दिवसीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। पैनल अधिवक्ता मंजू सरकार की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध बने कानूनों के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के दौरान पैनल अधिवक्ता मंजू



सरकार ने डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं और सहायता की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 की उपयोगिता बताते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए न्याय पाना अब आसान है। शिविर में मुख्य रूप से घरेलू हिंसा, दहेज निषेध अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धारा 498। के तहत उत्पीड़न, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों पर चर्चा की गई। अधिवक्ता ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि दहेज लेना और देना दोनों कानूनी रूप से अपराध है। कानूनी जानकारियों के साथ-साथ वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों, सोशल मीडिया धोखाधड़ी और इंटरनेट फ्रॉड से बचने के उपाय भी साझा किए गए। शिविर में राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व, बालश्रम, शोषण और छेड़छाड़ जैसी समस्याओं पर कानूनी रुख स्पष्ट किया गया तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बच्चों और अभिभावकों को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त यातायात नियमों और सुरक्षित रोड क्रॉसिंग के प्रति भी ग्रामीणों को शिक्षित किया गया। इस अवसर पर पीएलबी सोनामती घोष, कुंवर सिंह और कुमारी दीपा सहित लगभग 50 ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर के अंत में ग्रामीणों की विभिन्न कानूनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

# राज्यपाल ने दिव्य कला मेले में दिव्यांगजनों के उत्पादों का अवलोकन कर बढ़ाया उत्साह




देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त गुरमीत सिंह ने सोमवार को रेंजर्स ग्राउंड, देहरादून में आयोजित "दिव्य कला मेला" कार्यक्रम में बतौर मुख्य मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित इस मेले में देशभर से आए दिव्यांगजनों ने अपने हस्तशिल्प, उत्पादों और अद्भुत कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। राज्यपाल ने मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का विस्तार से अवलोकन किया और प्रतिभागियों से सीधा संवाद कर उनके उत्पादों व नवाचारों की जानकारी लेते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को रियायती ऋण के चेक भी वितरित किए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यहाँ प्रदर्शित प्रत्येक उत्पाद, कला-कृति और प्रस्तुति यह सिद्ध करती है कि दिव्यांगता कोई बाध ा नहीं, बल्कि संकल्प, आत्मबल और रचनात्मकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मेले में प्रदर्शित उत्पाद दिव्यांगजनों की उत्पादकता और आत्मविश्वास का प्रेरक उदाहरण हैं। राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि समावेशी विकास तभी सार्थक है जब समाज का कोई भी वर्ग विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सहानुभूति के नहीं, बल्कि सम्मान, अवसर और समान भागीदारी के अधिकारी हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब दिव्यांगजनों को उचित मंच और संसाध न मिलते हैं तो वे अपनी प्रतिभा से समाज को नई दिशा देने में सक्षम होते हैं। आज देश में दिव्यांगजनों के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन आया है और वे हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं।राज्यपाल ने आधुनिक तकनीक के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और नई टेक्नोलॉजी दिव्यांगजनों के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है, जिसके माध्यम से वे अपनी क्षमताओं का बेहतर उपयोग कर सृजन और उत्पादन में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला "लोकल फॉर वोकल" के मंत्र को साकार करता है और यहाँ प्रदर्शित उत्पाद परिश्रम व समर्पण की कहानियाँ हैं। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों के उत्पादों को प्रोत्साहित कर समावेशी समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि यह आयोजन मानवीय सामर्थ्य का उत्सव है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'सुगम्य भारत अभियान' व कौशल विकास जैसे कार्यक्रमों से दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की दिशा में प्रभावी कार्य हो रहा है।इस अवसर पर सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, विधायक खजान दास, नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के सीएमडी अनिल कुमार, सीजीएम डा. विनीत राणा, एजीएम शंकर शर्मा, सचिव समाज कल्याण विभाग श्रीधर बाबू अदांकी, अपर सचिव प्रकाश चंद्र, आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण एस. गोविंद राज, निदेशक प्रदीप ए. एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**खनन कारोबारी ने ..**प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल को कब्जे में ले लिया है। जांच के तहत परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मोबाइल कॉल डिटेल्स भी खंगाली जा रही हैं, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आखिर वह पारिवारिक विवाद क्या था, जिसने एक सफल कारोबारी को इतना बड़ा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। पुलिस अधि कारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद के कारण उपजे तनाव और आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के सटीक कारणों और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने के लिए हर पहलू से गहनता से जांच की जा रही है।

**आतंक का प्रयाय...**जिसमें बीती रात सफलता मिल गई।उल्लेखनीय है कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) से सटा तल्ला सल्ट का यह क्षेत्र वन्यजीवों, विशेषकर बाघ और गुलदार की सक्रियता के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। इससे पूर्व बीते 31 दिसंबर को इसी रेंज की खोल्यों वन पंचायत में एक बाघिन ने 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को अपना निवाला बना लिया था, जिसे बाद में भलौन क्षेत्र से कैद किया गया। इसके तुरंत बाद शावकों के साथ एक मादा गुलदार ने जीआईसी और प्राथमिक विद्यालय खोल्यों के आसपास डेरा डाल दिया था, जिसके चलते एहतियातन स्कूलों को भी बंद करना पड़ा था। वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत और पटाखे छोड़कर उसे जंगल की ओर खदेड़ा था, लेकिन इसके बाद समीपवर्ती सौराल गांव में गुलदार की सक्रियता बढ़ने से लोग घरों से बाहर निकलने में डर रहे थे।ग्रामीणों की निरंतर मांग और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए वन विभाग ने सौराल में पिंजरा लगाया, जिसमें बीती रात करीब तीन से चार वर्ष की उम्र का एक गुलदार फंस गया। गुलदार के पकड़े जाने से क्षेत्रवासियों ने बड़ी राहत की सांस ली है। वन क्षेत्राधिकारी गंगाशरण ने बताया कि पकड़े गए गुलदार को नियमनुसार स्वास्थ्य परीक्षण के लिए वन्यजीव चिकित्सालय अल्मोड़ा भेजा जा रहा है।

**तीन दुकानों में ...** थीं कि एक दुकान में रखा एलपीजी गैस सिलेंडर धमाके के साथ फट गया, जिससे आग और भड़क गई। इस भीषण आग ने पास ही स्थित होटल हरि निवास और राज होटल के दूसरे तल को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर मायापुर यूनिट से दमकल की दो गाड़ियां और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और फायर टीम ने सबसे पहले नजदीकी होटलों के कमरों में ठहरे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और दुकानों में रखे चार अन्य सिलेंडरों को बाहर निकालकर बड़े हादसे को टाला। मुख्य अग्निशमन अधिकारी वंश बहादुर यादव ने बताया कि बाजार की गलियां संकरी होने के कारण दमकल वाहनों को मौके तक ले जाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आग को आसपास की अन्य दुकानों में फैलने से रोक लिया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। अग्निशमन विभाग अब नुकसान का विस्तृत आकलन कर रहा है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

**हल्द्वानी मेडिकल कालेज...**जा सके। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि स्टाफ और हजारों छात्र-छात्राओं की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए पूरी तरह 'क्लीन चिट' मिलने के बाद ही पठन-पाठन कार्य शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि उत्तराखंड में पिछले कुछ समय से इस तरह के श्होक्स ईमेलश या धमकी भरे संदेशों का सिलसिला बढ़ा है। इससे पूर्व उत्तराखंड उच्च न्यायालय और कई जिला न्यायालयों को भी इसी प्रकार की धमकियां मिल चुकी हैं। लगातार मिल रही इन धमकियों ने साइबर सेल और खुफिया तंत्र की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस अब ईमेल के आईपी एड्रेस और स्रोत को ट्रैक करने में जुटी है ताकि इस शरारत या साजिश के पीछे छिपे चेहरों को बेनकाब किया जा सके।

**मुस्लिम समाज ने ...**साबित होकर बरी हो चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बरेली हथियार सप्लाई प्रकरण में उनका नाम आना भी विधायक और उनके सहयोगियों द्वारा रची गई एक सोची-समझी साजिश है। गफ्फार खान ने कहा कि वे इस षड्यंत्र का जल्द ही पर्दाफाश करेंगे और जनता के सामने अपनी बेगुनाही साबित करेंगे। गफ्फार खान ने विधायक को खुला चैलेंज देते हुए कहा कि यदि उनके पास कोई ठोस सबूत हैं, तो वे आमने-सामने बैठकर बहस करें। उन्होंने कहा कि एक समय वह विधायक के बेहद करीबी थे, लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि विधायक उन्हें ही नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक बेहड़ मुस्लिम समाज को केवल 'वोट बैंक' के रूप में देखते हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने अल्टीमेटम दिया कि यदि दो दिन के भीतर विधायक ने सार्वजनिक माफी नहीं मांगी, तो उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा और जिले भर में व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस दौरान जरूर अहमद, सदाकत अंसारी, कामरान खान, शाहिद खान, मेजर खान, इरफान कुरैशी, इकबाल कुरैशी, बीजद खान, जिला अध्यक्ष हारून मलिक, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष इमरान कुरेशी, सैयद फजीलत हुसैन आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

**स्मैक के साथ..**इस बात की जांच कर रही है कि ये तस्कर स्मैक कहां से लाए थे और इसे क्षेत्र में किन लोगों को सप्लाई किया जाना था। गिरफ्तारी टीम में प्रतापपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेंद्र पंत, अपर उपनिरीक्षक हरीश चंद्र, कांस्टेबल नवीन जोशी, नीरज नेगी और महिला कांस्टेबल कमला गोस्वामी शामिल रहीं।

**विदेश भेजने के ...**चुकी है। आरोप लगाया कि शमी के भाई यूसीन, शहनाज, पिता अब्दुल करीम उसके पैसे वापस नहीं कर रहे हैं जिस वजह उसके ऊपर बैंक का कर्ज भी हो गया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

**हाईवे पर दो ...**करीब दो घंटे के प्रयास के बाद ट्राला चालक को बुरी तरह घायल हालत में बाहर निकाला और उसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। घटना के कारण कुछ देर के लिए जाम भी लग गया। जिसे पुलिसकर्मियों ने खुलवा दिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

# एफडीए की तीन जिलों में दवा वितरकों पर छापामारी, तीन दुकानों को किया सील

देहरादून। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफडीए) ने प्रतिबंधित कोडीन युक्त सीरप व अन्य मनप्रभावी दवाइयों के खिलाफ तीन जिलों में वितरकों पर छापामारी की कार्रवाई कर तीन दुकानों को सील किया है। जबकि एक दुकान पर नोटिस चस्पा किया गया। सोमवार को स्वास्थ्य सचिव सचिन कुर्वे ने प्रतिबंधि त दवाइयों के इस्तेमाल को रोकने के संबंध में एफडीए अधिकारियों के साथ बैठक की। स्वास्थ्य सचिव के निर्देश पर अपर आयुक्त एफडीए ताजबर सिंह जग्गी ने औषधि निरीक्षकों की तीन टीम गठित कर देहरादून, हरिद्वार व ऊधमसिंह नगर में छापामारी की कार्रवाई की। टीम ने देहरादून जिले के हरबर्टपुर में मिस्टिक फार्मा व ट्रस्ट वे फार्मास्युटिकल का निरीक्षण किया। दोनों वितरकों की ओर से



नियमों का उल्लंघन करने पर दुकानों को सील किया गया। जबकि हरिद्वार जिले में बहादराबाद में एनिमिटीज लाइफ साइंस लिमिटेड पर कार्रवाई की गई। जिसमें अनियमितता पाए जाने पर दवाइयों के स्टॉक को 15 दिन के लिए सीज किया गया। ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में फूटेक फार्मास्युटिकल लिमिटेड में टीम कार्रवाई के लिए पहुंची। लेकिन प्रतिष्ठान बंद होने से टीम ने नोटिस चस्पा किया। विभाग ने फर्म संचालक को औषधि निरीक्षक की मौजूदगी में दुकान खोलने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि प्रदेश भर में प्रतिबंधित दवाइयों के बिक्री व निर्माण करने पर कार्रवाई जारी रहेगी। किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सरस मेले से घर लौट रही महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म, आरोपी फरार

## तमंचे के बल पर देवर को धमकाकर वारदात को दिया अंजाम, केस दर्ज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय रुद्रपुर में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां सरस मेले से लौट रही एक महिला के साथ तीन युवकों ने हथियार के बल पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने न केवल हैवानियत की हदें पार कीं, बल्कि वारदात का अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, घटना 22 फरवरी की रात करीब 9 बजे की है। पीड़िता अपने देवर के साथ गांधी पार्क में आयोजित सरस मेले से वापस घर लौट रही थी। जैसे ही वे मोदी मैदान के पास पहुंचे, दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोपी युवती के देवर को पूर्व से जानते थे। बातचीत के दौरान अचानक आरोपियों ने तमंचा निकालकर दोनों को डराना शुरू कर दिया। बदमाशों ने गोली मारने की धमकी देते हुए युवती को जबरन अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाया और एक सुनसान स्थान पर ले गए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके देवर के सामने ही बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर दरिंदों ने चाकू से हमला कर युवती के हाथ की उंगली भी चोटिल कर दी। हैवानियत के बाद आरोपियों ने वारदात का वीडियो बना लिया और धमकी दी कि यदि पुलिस को सूचना दी तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। आरोपियों ने खुद को शातिर अपराधी बताते हुए पुलिस का डर न होने की बात भी कही। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। स्थानीय जनता ने इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों को तत्काल कड़ी सजा देने की मांग की है।

# थोक व्यापारी पर 12 लाख से अधिक की धोखाधड़ी करने का लगाया आरोप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कृष्णा कॉलोनी निवासी एक किराना व्यापारी ने थोक विक्रेता पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी और मानसिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि भरोसे में दी गई बड़ी रकम हड़पने के बाद अब आरोपी उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर भी शिकायत की है। कृष्णा कॉलोनी निवासी जितेन्द्र गुप्ता पुत्र मदन लाल गुप्ता ने बताया कि उनकी अपने निवास पर ही किराने की दुकान है। उनका भुरारानी रोड स्थित एक थोक व्यापारी के प्रतिष्ठान से पिछले चार वर्षों से व्यापारिक लेनदेन चल रहा था। जितेन्द्र गुप्ता के अनुसार, 21 सितंबर 2025 को व्यापारी के अनुरोध पर उन्होंने सिगरेट और अन्य किराने के सामान का ऑर्डर देने के लिए अपने पिता और मित्रों से उधार लेकर 12,43,700 रुपये जुटाए थे। यह रकम उन्होंने थोक व्यापारी की दुकान पर आईटीसी के एरिया इंचार्ज प्रांजल और सुपरवाइजर विकास शर्मा की मौजूदगी में नगद दी थी। आरोप है कि पैसे लेने के बाद जब पीड़ित ने माल की डिलीवरी मांगी, तो थोक व्यापारी टालमटोल करने लगा। करीब दो महीने तक समय बिताने के बाद अब आरोपी साफ मुकर गया कि उसने कोई पैसा लिया है। पीड़ित का कहना है कि जब उसने दबाव बनाया, तो थोक व्यापारी गलत लोकेशन दिखाकर माल पहुंचाने का झूठा दावा करने लगा। पीड़ित ने चुनौती दी है कि यदि माल पहुंचाया गया है, तो डिलीवरी पार्टनर या किसी दस्तावेज से इसकी पुष्टि की जाए, लेकिन आरोपी कोई साक्ष्य नहीं दे पा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि इस संबंध में कोतवाली रुद्रपुर में सूचना देने के बावजूद कोई हल नहीं निकला। अब उल्टा थोक व्यापारी अपने बचाव के लिए आदर्श कॉलोनी चौकी में झूठी शिकायत कर पीड़ित पर ही दबाव बना रहा है और कानूनी कार्रवाई की धमकी दे रहा है। जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि जिन रिश्तेदारों और मित्रों से उन्होंने पैसे उधार लिए थे, वे अब अपना पैसा वापस मांग रहे हैं और कानूनी कार्रवाई की बात कर रहे हैं। इस स्थिति के कारण उनका पूरा परिवार भारी मानसिक प्रताड़ना झेलने को मजबूर है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच और डूबी हुई रकम वापस दिलाने की मांग की है।




# युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, परिजनों में कोहराम

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। नगर के निकटवर्ती गांव शिवपुर में एक 23 वर्षीय युवक द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का दुखद मामला सामने आया है। युवक की मौत की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, शिवपुर निवासी विश्वजीत मंडल (23 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय दुलाल मंडल ने रविवार की रात अपने कमरे के भीतर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि विश्वजीत अविवाहित था और अपने बड़े भाई के परिवार के साथ रहता था। रविवार को उसका बड़ा भाई और परिवार के अन्य सदस्य किसी काम से दिनेशपुर गए हुए थे, जबकि विश्वजीत घर पर अकेला था। जब परिजन वापस लौटे, तो उसे फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए।परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और तत्काल पुलिस को सूचित किया गया। दिनेशपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा भरने की कार्यवाही पूरी की। पुलिस के अनुसार, युवक मेहनत-मजदूरी करता था, फिलहाल आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। मृतक का एक बड़ा भाई और एक बहन है, जिनकी शादी हो चुकी है। घर के चिराग की इस तरह अचानक मौत से मां और भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर किस मानसिक तनाव या वजह से युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया।



# पर्वतीय इलाकों में बदलेगा मौसम

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में एक बार फिर मौसम बदलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार जताए हैं। जबकि प्रदेश के तीन हजार से अधिक ऊंचाई इलाकों में बर्फबारी की अधिक संभावना है। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। सोमवार के मौसम की बात करें तो दिन में बादलों के पीछे सूर्य की आंख मिचौली देखने को मिली। हालांकि तापमान में कोई खास गिरावट देखने को नहीं मिली। दून में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 26.8 डिग्री रहा। जबकि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री इजाफे के साथ 12.7 डिग्री रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों का भी रहा। आने वाले दिनों की बात करें तो 24 फरवरी को भी प्रदेश में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा रहेगा। जबकि 25 से 26 फरवरी तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, खजूर का नमूना जांच के लिए भेजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन उत्तराखंड एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने रामनगर के खताड़ी क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान के नेतृत्व में टीम ने एक दर्जन से अधिक फुटकर और थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। टीम ने फल, मिठाई, खजला, सेवई और खजूर की दुकानों की जांच की और व्यापारियों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री विक्रय करने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान टीम ने एक थोक विक्रेता के पास मौजूद खजूर की गुणवत्ता पर संदेह होने के आधार पर उसका नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेज दिया है। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने



बताया कि आगामी होली और रमजान के त्योहारों को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में मिलावटी खाद्य सामग्री का विक्रय नहीं होने दिया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विभाग सख्त कार्यवाही करेगा। प्रतिष्ठान स्वामियों को बिना बिल के खरीद न करने, स्टॉक का विवरण रखने, कालातीत (एक्सपायरी) सामग्री का भंडारण न करने और स्टोर में नियमित साफ-सफाई व कीटनाशकों का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए हैं। छापेमारी के दौरान खताड़ी में बिरयानी, फल और खजूर की तीन दुकानों के स्वामी मौके पर लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर विभाग ने उन्हें एक सप्ताह का समय दिया है। निर्धारित समय में लाइसेंस न दिखाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 31(2) के तहत विधिक कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त के निर्देश पर जनपद में गठित संयुक्त टीमें प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही कर रही हैं, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।

# क्रिकेटर मयंक मिश्रा और कोच नवीन टम्टा का जोरदार स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र में अपनी असाधारण गेंदबाजी से नया कीर्तिमान स्थापित करने वाले उत्तराखंड के स्टार क्रिकेटर मयंक मिश्रा का रुद्रपुर पहुंचने पर आयोजित एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। यह आयोजन क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभा, अनुशासन और समर्पण को सराहने का एक सशक्त माध्यम बना। समारोह में मुख्य अतिथि के दोनों को पारंपरिक रूप से पगड़ी और अंगवस्त्र पहनाकर उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की गई। पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि मयंक की यह गौरवशाली उपलब्धि वर्षों की कड़ी अपने संबोधन में कहा कि मयंक का यह रिकॉर्ड पूरे देश के खेल जगत में उत्तराखंड की पहचान को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर योगेंद्र चौहान, अजय कुमार, सुनील चौहान, सुशील चौहान, सोनू



ऐतिहासिक स्वागत किया गया। पूरे टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेकर 'नंबर वन' गेंदबाज बनने की उपलब्धि पर मयंक मिश्रा और उनके प्रेरणास्रोत कोच नवीन टम्टा को सिंह कॉलोनी स्थित चौहान निवास रूप में पहुंचे पूर्व मेयर रामपाल सिंह और किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर मयंक मिश्रा और कोच नवीन टम्टा का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस दौरान मेहनत और अनुशासित अभ्यास का प्रतिफल है। उन्होंने कोच नवीन टम्टा के मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक कुशल गुरु के बिना ऐसी सफलता मिलना असंभव है। अनिल चौहान ने दिवाकर, अक्षय गहलोत, राम अवतार, बंटी चौधरी, मिंटू, सत्येंद्र शर्मा, गर्वित चौहान, कुंज चौधरी, हरीश चौधरी, आदेश कुमार और प्रशांत सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।